**खबर संक्षेप**

### अज्ञात तत्वों ने कार में लगाई आग, लाखों का नुकसान



**उमरिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में बीती 3 सितंबर की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक टाटा इंडिका कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में कार जलकर खाक हो गई और ठेकेदार को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार आरईएस विभाग के माध्यम से सेमरिया में शासकीय समुदाय भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य एजेंसी पुष्पराज तिवारी यहां किराए के मकान में रहकर निर्माण कार्य का संचालन कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 2 बजे अचानक गंध आने पर दरवाजा खोलकर देखा तो बाहर खड़ी उनकी कार धू-धू कर जल रही थी। शोर मचाने पर लोग जुटे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आधी कार जल चुकी थी। ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य के दौरान उन्हें लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जा रहा है। मेरी लाखों की कार जल गई है और मैं समय पर शासन का कार्य पूरा करने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन असामाजिक तत्व बाधा डाल रहे हैं। घटना की रिपोर्ट उमरिया कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तहसीलदार पर अधिवक्ता से मारपीट का आरोप, वकीलों में आक्रोश



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की तहसील सोहागपुर में पदस्थ तहसीलदार सुमित गुर्जर पर गंभीर आरोप लगे हैं। राजस्व अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने तहसीलदार पर अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल को कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस घटना से नाराज अधिवक्ता सामूहिक रूप से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए तहसीलदार के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल किसी पेशेवर कार्य से तहसीलदार से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी मुद्दे पर बहस हो गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बहस बढने पर तहसीलदार ने रविंद्र जायसवाल को कमरे में बंद कर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि सुमित गुर्जर की पदस्थापना के बाद से ही सोहागपुर तहसील का माहौल बिगड़ा हुआ है और वे अधिवक्ताओं व पक्षकारों से लगातार अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उन्हें समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम और तहसीलदार को कार्यालय बुलाकर पूरे मामले की जानकारी भी ली। हालांकि फिलहाल स्थिति को शांत करा दिया गया है, लेकिन अधिवक्ताओं में गहरा रोष बना हुआ है और वे कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी तहसीलदार पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। यह मामला प्रशासन की कार्यशैली और राजस्व तंत्र की साख पर सवाल खड़े कर रहा है।

## बुढ़ार में रेत माफिया का बोलबाला

# बटली घाट और जरवाही बना अवैध खनन का अड्डा

शहडोल। बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी का बटली घाट और जरवाही गांव रेत माफिया का सुरक्षित ठिकाना बन चुके हैं। हर शाम दर्जनों वाहन घाट पर पहुंचकर अवैध खनन करते हैं और रातभर रेत की ढुलाई होती रहती है। खनिज विभाग और पुलिस की चुप्पी सवालों के घेरे में है, वहीं सहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट तक हो चुकी है।कोयलांचल क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार दिनों-दिन परवान चढ़ता जा रहा है। खासकर बुढ़ार थाना क्षेत्र के बटली घाट और जरवाही गांव में शाम ढलते ही ट्रैक्टर, डंपर और मेटाडोरों की कतारें लग जाती हैं। असामाजिक तत्वों की मौजूदगी और शराब के नशे में खनन का यह कारोबार रातभर जारी रहता है।



## खनिज विभाग और पुलिस की मिलीभगत से चल रहा धंधा सोन नदी से हर रात दर्जनों ट्रैक्टर-डंपर रेत निकाल रहे माफिया

### सहकार ग्लोबल कंपनी पर भी हमले, प्रशासन क्यों खामोश?

स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो यहां का माहौल कभी भी किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। इस पूरे खेल में पुलिस और खनिज विभाग की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सवाल यह है कि जब रेत खनन का ठेका सहकार ग्लोबल को दिया गया है, तो फिर माफिया खुलेआम खनन कैसे कर रहे हैं? जिले में विकास कार्यों के नाम पर रेत की भारी मांग बनी हुई है और इसी का फायदा उठाकर खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं। बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी का बटली घाट और जरवाही गांव रेत खनन का सबसे बड़ा अवैध केंद्र बन चुके हैं। यहां हर शाम दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर, डंपर और मेटाडोर पहुंचते हैं और पूरी रात रेत की चोरी होती रहती है। ग्रामीण बताते हैं कि बटली घाट और जरवाही के आस-पास असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। शराब और हथियारों से लैस माफिया न सिर्फ नदी से रेत निकालते हैं, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी अपने साथ जोड़ लेते हैं। इस काम में पकरिया, जरवाही और अन्य गांवों के लोग पूरी रात 'रैकी' करते हैं। हालात ऐसे हैं कि नदी का मुख्य मार्ग और कोयलांचल का इलाका पूरी तरह



माफियाओं के कब्जे में दिखाई देता है।

### पुलिस और खनिज विभाग पर सवाल

रेत का यह कारोबार खुलेआम होने के बावजूद पुलिस और खनिज विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। बुढ़ार पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है, वहीं खनिज विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, रेत का ठेका सहकार ग्लोबल नामक कंपनी को दिया गया है, लेकिन कंपनी के कर्मचारियों पर कई बार माफियाओं ने हमला किया। वन विभाग के अधिकारियों से भी झड़प की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

### राजस्व को भारी नुकसान

सोन नदी से प्रतिदिन दर्जनों गाडिय़ां रेत निकालकर बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई और आसपास के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेची जाती हैं। इससे न केवल शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है, बल्कि निर्माण कार्यों में चोरी की रेत का इस्तेमाल कर जनता की गाढ़ी कमाई से बनने वाले



प्रोजेक्ट भी प्रभावित हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 का निर्माण भी इसी चोरी की रेत से होने की शिकायतें सामने आई हैं।

### अपराधियों का जमघट और संभावित हादसे

बताया जाता है कि बटली घाट के पास रुंगटा चौराहे के एक ढाबे में खनन माफियाओं का डेरा रहता है। यहां से गाडिय़ां नदी तक जाती हैं और रेत भरकर रातभर निकलती रहती हैं। गंगा किशु, प्रकाश सहित कई स्थानीय नाम इस धंधे में सक्रिय बताए जाते हैं। आपसी प्रतिद्वंद्विता के चलते कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है। पहले भी विवाद की घटनाओं में मारपीट हो चुकी है।

### प्रशासन की खामोशी चौंकाने वाली

खनन माफिया का इतना बड़ा नेटवर्क सक्रिय है



और इसके बावजूद पुलिस, खनिज विभाग और प्रशासनिक अमला चुप्पी साधे बैठा है। यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। आखिर किसकी सरपरस्ती में यह अवैध कारोबार चल रहा है? जनता के बीच चर्चा है कि राजनीतिक संरक्षण और अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा धंधा संभव ही नहीं है। बुढ़ार क्षेत्र का बटली घाट और जरवाही गांव खनन माफियाओं का गढ़ बन चुका है। सहकार ग्लोबल को ठेका मिलने के बावजूद अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। पुलिस और खनिज विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन अगर जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शासन को चाहिए कि वह तत्काल इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराए और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करे।

## बिना परमिट दौड़ रही खटारा बस जब्त



**शहडोल।** परिवहन विभाग की लापरवाही का खुला उदाहरण सामने आया है। बुढ़ार पुलिस ने बिना परमिट और वैध दस्तावेजों के महीनों से सडक़ों पर दौड़ रही नफीस बस सर्विस कंपनी की खटारा यात्री बस को जब्त कर लिया। कार्रवाई शुक्रवार को बुढ़ार बस स्टैंड पर की गई। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 65 जेड सी 6261 शहडोल सहित आस-पास के रूटों पर बिना किसी वैध अनुमति के संचालित की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने तत्काल जांच कराई। जांच में बस का न तो परमिट मिला और न ही अन्य वैध दस्तावेज। स्थिति स्पष्ट होने पर पुलिस ने बस को मौके पर ही जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि यह बस लंबे समय से बिना फिटनेस और कागजात के दौड़ रही थी, लेकिन परिवहन विभाग ने कभी ध्यान नहीं दिया। बुढ़ार पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध और खटारा बसें चलाने वाले ऑपरेटरों में हडक़ंप मच गया है। अब देखना यह होगा कि परिवहन विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए ऐसी बसों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाता है या नहीं।

## धनपुरी रेलवे कॉलोनी में जुलूस का जोरदार स्वागत, भाईचारे की मिसाल पेश

**धनपुरी।** रेलवे कॉलोनी क्रमांक 3 में मुस्लिम समाज के पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में विभिन्न समाजों के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर मुबारकबाद दी और समाज में एकता और सद्भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कोयलांचल क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता इबरार खान, शोभाराम पटेल, संतोष सिंह सेंगर, अंकित सिंह, सकिल अनवर, प्रदीप रावत, परवेज़ अंसारी, विक्की पटेल, अज़ीज़ खान, तौआब खान, आमीन अंसारी, समीर खान,



अनीस ख़ान, तौफ़ीक़ ख़ान, नूह अंसारी, राजा अफ़रीदी, मोनू खान और जानू ख़ान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मुस्लिम समाज को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इसे आपसी मेल-मिलाप का अवसर बताया। स्थानीय वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद बालकरण विश्वकर्मा ने रेलवे कॉलोनी में पहुंचकर जुलूस का मिठाई खिलाकर और गले मिलकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और एकता का वातावरण मजबूत होता है। इस अवसर पर इबरार खान ने कहा मिलादुन्नबी हमें पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं पर चलने और इंसानियत की सेवा करने का संदेश देता है। आज पूरे क्षेत्र में आपसी भाईचारा देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है। वहीं पार्षद नईम खान ने कहा धनपुरी में हर वर्ग के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर समाज को सही दिशा दिखाते हैं। यह हमारी गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य लोगों ने मुस्लिम समाज को ईद-ए-मिलादुन्नबी की बधाई देते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।



### धूमधाम से मनाई गई ऋषि कश्यप मुनि जयंती

**धनपुरी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में शुक्रवार को ऋषि कश्यप मुनि जी की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन से हुआ। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर धनपुरी केसरवानी सभा के अध्यक्ष गणेश गुप्ता के नेतृत्व में तरुण सभा और महिला सभा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समाज के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और गुरु परंपरा के प्रति आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से मंगलकामनाएं कीं और समाज में एकता, समर्पण एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जयंती समारोह में उपस्थित जनों ने इसे समाज की परंपराओं को जीवित रखने वाला और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोडने वाला अवसर बताया।

## विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस सम्मान समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुजनों के प्रति विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त किया और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. गीता सराफ (परिसर प्राभारी, शहडोल) ने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध केवल विषयज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवनभर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। शिक्षा के माध्यम से जीवन को आदर्श दिशा दी जा सकती है। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुनीश सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षक तभी सफल होता है जब वह अपने विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार और श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण कर सके। वहीं, डॉ. सौरभ शिवा ने विद्यार्थियों को सदैव जिज्ञासु बने रहने की प्रेरणा दी और कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह नई दिशा में सोचने को प्रेरित करे। विजिटिंग फैकल्टी अजय सिंह पटेल, दिलीप मिश्रा, दीपेश पारस और सुश्री पुष्पा साहू ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। बी.ए. की छात्राओं साक्षी, गीतांजली और रिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद अतिथियों एवं गुरुजनों का स्वागत पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंट कर किया गया। एम.ए. की छात्राएँ प्रतिमा और राखी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. की छात्रा भावना त्रिपाठी ने किया। विद्यार्थियों ऋषि गुप्ता, कुलदीप तिवारी, पप्पू नायक और सिमरन सहित कई छात्रों ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह की सफलता में फरसराम, इशिता, शालिनी, सुप्रिया, अभिषेक, शांति दहाई, दिव्या साहू, श्रद्धा, गणेश, अमित यादव, विद्या और सरोज सिंह सहित सभी विद्यार्थियों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

### निपेन्द्र नाथ तिवारी संगठन मंत्री नियुक्त



**शहडोल।** एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन की संभागीय बैठक 4 सितंबर को शहडोल में पहली बार आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकारिणी गठन और फार्मासिस्टों की भूमिका को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक राधे श्याम बट्टी, संगठन के प्रदेश महासचिव अखिलेश त्रिपाठी, संरक्षक वी.के.तिवारी, सतना जिला अध्यक्ष हिमांशु चतुर्वेदी, शहडोल के नए संगठन मंत्री निपेन्द्र नाथ तिवारी, उमरिया और अनूपपुर जिलों की टीम सहित संगठन अध्यक्ष शिवम शुक्ला, उपाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी और सचिव हिमांशु मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में संभाग और जिले स्तर पर कार्यकारिणी गठन पर सहमति बनी। साथ ही फार्मासिस्टों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जहां दवा, वहां फार्मासिस्ट के संदेश को दोहराते हुए नशे से दूरी बनाने और जनहित में फार्मासिस्टों की अनिवार्य भूमिका पर जोर दिया गया।



## ज्ञान, संस्कार और सफलता की राह दिखाते हैं गुरुः अवस्थी

### जिला कांग्रेस ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कांग्रेस भवन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी और अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामनरेश तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनरेश तिवारी, के.पी. शर्मा, परमानंद तिवारी, डॉ. आर.पी. साहू, महेश श्रीवास्तव और रमाशंकर गौतम ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन, विचारों और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि गुरु समाज को दिशा देने वाले दीपस्तंभ होते हैं। वे ज्ञान, संस्कार और सफलता की राह दिखाते हैं। आज आवश्यकता है कि शिक्षकों को समाज में उनका उचित सम्मान मिले, क्योंकि उनके बिना व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण अधूरा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। जिला कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और योगदान को याद करने का दिन है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद प्रभात पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला, दशरथ प्रसाद द्विवेदी, लालमणि जायसवाल, नत्थूलाल द्विवेदी, राजन सिंह, लक्ष्मी कुमार मिश्रा, रमेश प्रसाद, अर्जुन सिंह, प्रदीप द्विवेदी, नरेंद्र गुप्ता, डॉ. नीलेश गौतम, धनंजय सिंह, राधा सिंह, किरण रानी सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, ललित कुमार द्विवेदी, विष्णु प्रसाद गुप्ता, गोपीनाथ सिंह, अशोक कुमार द्विवेदी, ओंकार सिंह, बारातू सिंह, भगवानदास सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जीएसटी में कटौती प्रधानमंत्री का विशाल हृदय दर्शनः अमिता चपरा

**शहडोल।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में बड़े बदलाव की घोषणा पर शहडोल भाजपा जिला अध्यक्ष एवं महिला वित्त विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।



उन्होंने कहा कि अब देश में केवल दो ही जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रहेंगे, जिससे हर गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। श्रीमती चपरा ने कहा कि मौजूदा समय में भारत-अमेरिका संबंध संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिका ने जहां 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, वहीं भारत ने झुकने के बजाय साहस और दूरदर्शिता के साथ देशवासियों को राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मोदी जी के सागर जैसे विशाल हृदय का परिचायक है। श्रीमती चपरा ने कहा कि 22 सितंबर से नई दरें लागू होंगी। इससे खाद्यान्न, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, ऑटोमोबाइल सहित लगभग सभी उपयोगी वस्तुओं की कीमतों में भारी गिरावट आएगी, विलासिता की वस्तुओं को छोडक़र। इसका सीधा लाभ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आमजन को राहत देगा बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के साहसिक और ऐतिहासिक फैसलों में से एक बताया और कहा कि शहडोल भाजपा परिवार समेत पूरा क्षेत्र इसका स्वागत करता है।

**खबर संक्षेप**

## अवैध शराब के साथ आरोपी धराया



**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सवित्री भगत के मार्गदर्शन में उमरिया के वृत मानपुर अंतर्गत ग्राम धमोखर में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक हेतु कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वृत्त मानपुर में 2 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्व कियें गए। कार्यवाही के दौरान आरोपी चम्मू लाल यादव पिता स्व. सोनई यादव निवासी धमोखर के किराना दुकान एवं ग्राम खेरा में राहुल राय व राहुल राय पिता रामचरण राय निवासी खैरा के किराना दुकान की विधिवत तलाषी लेने पर आरोपियों के कब्जें से क्रमशः 120 एम.एल विदेशी मदिरा एवं 21 केन पॉवर बीयर प्रत्येक में 500 एम.एल. तथा एक कार्टून में 23 पाव देषी मदिरा प्लेन बरामद कर आरोपियों के विरूद्व आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 । व 34(1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्व किया गया है। जिसका 4470 अनुमानित मूल्य है। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई। साथ ही आबकारी आरक्षक कविता सिंह, अंजली गौतम, राजपति प्रजापति एवं नगर सैनिक राजेश शुक्ला कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

## 8 सितंबर को स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक

**उमरिया।** नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष-2025 के संबंध कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके संबंध में 8 सितंबर 2025 को समय दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## मेरा युवा भारत अनूपपुर के द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस






**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** गत दिनांक को मेरा युवा भारत अनूपपुर के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर आर आर सिंह एवं लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड जैतहरी के स्टेला मैरिस स्कूल में मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि रमेश प्रीति सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा बताया कि यह दिन हमारे लिए बेहद खास है क्योंकि यह महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती है वे खेल जगत के ऐसे सितारे थे जिनकी चमक आज भी हमें प्रेरणा देती है उनकी खेल प्रतिभा को देखकर ही उन्हें "हॉकी का जादूगर" कहा जाता था उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि खेलों में समर्पण और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उक्त कार्यक्रम में पुरुष बॉलीबॉल एवं महिलाओं का कबड्डी और साथ ही 500 मीटर का दौड़ के खेल का आयोजन हुआ उक्त कार्यक्रम संस्था आनंदम सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा के तत्वधान में किया गया।

### अतिक्रमणकारी के सामने घुटनों पर प्रशासन

# नोटिस कागजों में, कब्जा जमीन पर कायम
















### कालरी प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसी की चुप्पी ने खोला भ्रष्ट मिलीभगत का राज

**शहडोल।** धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण का नंगा नाच जारी है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। सीएमओ से लेकर तहसीलदार और थाना प्रभारी तक, सबकी आंखों पर पट्टी बंधी है। कालरी प्रबंधन और उसकी सुरक्षा एजेंसी तो मानो चुप्पी बेचकर बैठ गई है। वार्ड पार्षद और उनके पति भी खामोशी ओढ़े हुए हैं। सवाल उठता है, आखिर किसके संरक्षण में ये कब्जे फल-फूल रहे हैं?

जिले के धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन कब्जों को रोकने के बजाय जिम्मेदार विभाग ही आंख मूंदे बैठे हैं। नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), कालरी प्रबंधन, कालरी की सुरक्षा एजेंसी, तहसीलदार और थाना प्रभारी तक पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वे किस दबाव या सौदेबाजी के चलते मौन साधे हुए हैं। वहीं वार्ड नंबर 09 के पार्षद और उनके पति की खामोशी ने भी पूरे मामले पर शक की परतें गहरी कर दी हैं।

### कागजों तक सीमित नोटिस

नगर पालिका की सीएमओ ने अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया कि 24 घंटे के भीतर निर्माण कार्य हटाया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, लेकिन नोटिस केवल औपचारिकता साबित हुआ। जमीनी स्तर पर न तो कोई बुलडोजर चला और न ही कब्जा हटाने की ठोस कार्रवाई की गई। नगरवासी पूछ रहे हैं कि आखिर सीएमओ का नोटिस महज़ दिखावा क्यों बनकर रह गया? क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी दबाव में हैं या फिर कब्जाधारियों से मिलीभगत कर चुके हैं?

### चूड़ियां पहनकर बैठे जिम्मेदार

धनपुरी नंबर 3 रेलवे कॉलोनी की सबसे ज्यादा शिकायतें कालरी की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सामने आ रही हैं। कालरी में कार्यरत कर्मचारी विजय पाल द्वारा खुलेआम शासकीय और एसईसीएल की भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कालरी प्रबंधन और उसकी सुरक्षा एजेंसी को सबकुछ नजर आता है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर दोनों ने चुप्पी साध रखी है। यहां तक कि लोग तंज कसते हैं कि कालरी की सुरक्षा एजेंसी ने चूड़ियां पहन ली हैं और उनकी जिम्मेदारी केवल तनख्वाह लेने तक सीमित हो गई है।

### प्रशासन की नाकामी उजागर

नगर पालिका द्वारा तहसीलदार और थाना प्रभारी को लिखित पत्र भेजा गया था, जिसमें अतिक्रमण रोकने और कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई थी, लेकिन तहसीलदार और थाना प्रभारी ने भी फाइल को धूल फांकने के लिए छोड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि कब्जाधारी और भी दबंग हो गए और निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर तहसीलदार और थाना प्रभारी किसके इशारे पर चुप्पी साधे बैठे हैं? क्या उनकी कुर्सी पर राजनीतिक दबाव हावी है या फिर अतिक्रमणकारियों से सांठ-गांठ हो चुकी है?

### पार्षद की भूमिका संदिग्ध

सबसे बड़ा सवाल वार्ड नंबर 09 के पार्षद और उनके पति पर खड़ा होता है। पूरे क्षेत्र में खुलेआम कब्जा हो रहा है, लेकिन पार्षद न तो नगर पालिका परिषद की बैठक में जोरदार विरोध दर्ज करा रहे हैं और न ही प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं। नगर में चर्चा है कि असल में वार्ड की बागडोर पार्षद के पति ही संभालते हैं और उनकी चुप्पी ही यह साबित करती है कि कहीं न कहीं उनका भी इस अतिक्रमण खेल में फायदा छुपा हुआ है। जनता पूछ रही है, चुना हुआ प्रतिनिधि आखिर जनता का है या कब्जाधारियों का?

### विजय पाल का दबदबा

विजय पाल नामक कालरी कर्मचारी ने अपने भाई के सरकारी नौकरी और अधिकारियों से नजदीकी रिश्तों का फायदा उठाकर एसईसीएल और शासकीय जमीन पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। उसके दबंगई भरे कदमों के आगे नगर पालिका, कालरी प्रबंधन, पुलिस और तहसील - सभी मौन हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विजय पाल के चंद टुकड़ों के आगे जिम्मेदारों ने अपना जमीर बेच दिया है। यही कारण है कि शिकायतों के बावजूद अब तक न तो निर्माण रुका और न ही कब्जा हटाया गया।

### प्रशासन पर उठे सवाल

धनपुरी नगर की जनता अब खुलकर सवाल उठा रही है। लोग कह रहे हैं कि अतिक्रमण पर रोक लगाने के नाम पर हर बार औपचारिकता निभाई जाती है, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। जनता का यह भी आरोप है कि प्रशासन और नगर पालिका केवल कमजोर और आम लोगों पर बुलडोजर चलाते हैं, जबकि दबंग और रसूखदार कब्जाधारियों के सामने घुटने टेक देते हैं।

### मिलीभगत से पनपा अतिक्रमण का साम्राज्य

पूरा घटनाक्रम साफ करता है कि अतिक्रमण का यह खेल बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। सीएमओ का नोटिस जारी करना और फिर कार्रवाई न करना, कालरी प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसी का आंखें मूंद लेना, तहसीलदार और थाना प्रभारी का खामोश रहना और पार्षद-पति की चुप्पी , ये सभी मिलकर इस बात का सबूत देते हैं कि अतिक्रमण का साम्राज्य केवल कब्जाधारियों की वजह से नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से फल-फूल रहा है।

### अब चाहिए कड़ी कार्रवाई और जवाबदेही

नगरवासियों की मांग है कि जिला प्रशासन तुरंत संज्ञान ले और इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराए। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए और विजय पाल जैसे दबंग कब्जाधारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। साथ ही, सीएमओ, कालरी प्रबंधन, सुरक्षा एजेंसी, तहसीलदार, थाना प्रभारी और वार्ड पार्षद की जवाबदेही तय की जाए।

# जिले के समस्त स्कूलों में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह









### बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान कर, उनके बताए मार्गो पर चलने का लिया संकल्प

**उमरिया।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप मे जिले की समस्त स्कूलों में धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए , उनके व्दारा बताए गए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया । जिला मुख्यालय के शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को ग?ने का कार्य करते है । बच्चे उनके व्दारा बताए गई बातों का अक्षरशः पालन करेंगे तो निश्चित रूप से वे अपनी अपनी मंजिलों को प्राप्त कर सकेंगे । उन्होने कहा कि शिक्षकों की डांट का बुरा नही मानें , बल्कि उससे सीख लेकर मन लगाकर अपने अध्यापन का कार्य करें । कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी एवं डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने शिक्षकों का फूलमाला से सम्मान किया। इसी तरह शिक्षकों का शाल श्रीफल से भी सम्मान किया गया।इसी तरह जिले की शासकीय हाई स्कूल मुडग़ुड़ी, चंगेरा, देवरी,



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोढ़ा, शासकीय उमावि कन्या पाली सहित जिले भर की समस्त स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए ।



## गणेशोत्सव में महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल

### डांस प्रतियोगिता में उभरे नए सितारे

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद ( बनगवां) के वार्ड क्रमांक 14, में प्रेमनगर का गणेश उत्सव इस बार सिर्फ धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया। जागृति क्लब प्रेमनगर द्वारा लगातार 30वें वर्ष आयोजित यह भव्य आयोजन पूरे नगर में चर्चा का विषय रहा। नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह के मार्गदर्शन में उत्सव को नई ऊंचाइयां मिलीं और इस बार कई नए प्रयोग किए गए। भंडारे में पहली बार आलू गुंडा जैसी पसंदीदा डिश को शामिल किया गया। जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

### डांस प्रतियोगिता में दिखा युवा टैलेंट

उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा डांस प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन। ग्रुप डांस श्रेणी में रवीना-निधि की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि स्नेह-सोनी को दूसरा और किटी-बबली को तीसरा स्थान मिला। सिंगल डांस श्रेणी में उमा सिंह ने पहला, रीति यादव ने दूसरा और घनश्याम प्रजापति ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंच से हर विजेता का सम्मान कर जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुरस्कार दिए गए।

### महिला सशक्तिकरण की पहल

इस बार विशेष रूप से पुरस्कार वितरण महिला सशक्तिकरण के प्रतीक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के हाथों कराया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रथवाई (नोडल अधिकारी), लीला पनिका (शिक्षिका), श्रीमती गीता पनिका (सहायिका), श्रीमती विद्यावती राजभर (आशा कार्यकर्ता) सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंच से प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### नगर परिषद और जागृति क्लब का योगदान

कार्यक्रम की भव्य सफलता के पीछे नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह की दूरदर्शिता और सेवा भाव रहा। उन्होंने न केवल आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग दिया बल्कि पूरे नगर को एकजुट कर उत्सव को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद मनोज चंदेल, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद समय पटेल, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पति बृजेश कुशवाहा, लाला चौहान, अजीत सिंह, सुनील जैन, अमित सेन गुप्ता, मनीष सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, अभिलेश विश्वकर्मा और जागृति क्लब के युवाओं का विशेष योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला और प्रेमनगर का गणेश उत्सव एक बार फिर नगर का सबसे बड़ा आकर्षण बन गया।

## कुर्सी पर कब्जे की जंग, पूर्व प्राचार्य ने प्रभार सौंपने से किया इंकार

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** अनूपपुर जिला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई में इन दिनों प्रभारी प्राचार्य को लेकर कुर्सी का विवाद छिड़ी हुई है। विभागीय आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि व्याख्याता एलडी द्विवेदी को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौपा गया है लेकिन पूर्व प्राचार्य फानूस जमाल ने न केवल आदेश मानने से इनकार कर दिया बल्कि कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं है। कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर ने आदेश क्रमांक 1/445783/2025 दिनांक 20 अगस्त के तहत एलडी द्विवेदी को चचाई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। एल डी द्विवेदी ने 21 अगस्त की शाम 3:30 बजे संस्था में उपस्थिति दर्ज कर आदेश का पालन कर अपने दायित्व के कार्य पर लग गए लेकिन दूसरी तरफ विभाग की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत फानूस जमाल को कार्य मुक्त कर उनके मूल संस्थान चांदपुर भेज



दिया गया था इसके बावजूद वह हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई में ही डटी हुई है। विद्यालय में खींचतान सवालों के घेरे में विभाग चचाई विद्यालय में मची खींचतान अब कई सवाल खड़े कर रही है कि क्या विभागीय आदेश केवल कागज तक ही सीमित रहेंगे या फिर पूर्व प्राचार्य फानूस जमाल को सत्ता या किसी अदृश्य दबाव का संरक्षण प्राप्त है। प्रभारी प्राचार्य एल डी द्विवेदी का कहना है कि पूर्व प्राचार्य के अड़यिल रवैया से विद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है इस विद्यालय में विभागीय आदेश की खुली अवहेलना की जा रही है जिस पर तत्काल कार्रवाई जरूरी है। अब बात सिर्फ प्रभार विवाद न होकर बल्कि मामला सत्ता प्रभाव बनाम विभागीय नियम का रूप ले चुका है यदि विभाग ने तुरंत हस्ताक्षेप कर सख्त कदम नहीं उठाए तो न केवल विद्यालय की कार्यप्रणाली ठप होगी बल्कि विभाग की साख पर सवाल खड़े होंगे क्योंकि जनजातीय विभाग को सहायक आयुक्त के द्वारा अभी तक उन पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस प्रभार विवाद के चलते विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई पर भी गहरा असर पड़ रहा है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। एल डी द्विवेदी ने विभाग को लिखा पत्र इस प्रभार पद विवाद से विद्यालय की चौपट होती व्यवस्थाओं को देखते हुए व्याख्याता एल डी द्विवेदी ने एक पत्र आयुक्त अनुसूचित जाति विकास विभाग भोपाल को पत्र लिखकर इस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई के प्रभारी प्राचार्य का पद दिलाये जाने की बात कही है ताकि विद्यालय के संचालन व बच्चों की पढ़ाई पर असर ना पड़े।

## धूमधाम से किया गया श्री गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन

**हरिभूमि न्यूजबदरा/जमुना।** नेशनल हाईवे रोड जमुना तिराहा के पास विराजमान श्री गणेश जी का दसवें दिन विसर्जन बड़े धूमधाम से किया गया। समाज सेवा से जुड़े राजेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधि विधान सुबह शाम आरती वंदना एवं रात में भक्ति मय कार्यक्रम और पूरे 10 दिन भंडारे का विशाल प्रसाद ग्रामीण जन एवं आसपास के लोग पहुंचे नेशनल हाईवे रोड के चलते सफर करने वाले लोग भी भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया और भगवान श्री गणेश जी से आशीर्वाद भी लिए रोज भंडारा कार्यक्रम में तरह-तरह की व्यंजन प्रसाद बन रहे थे जिसमें महाकाल होटल से बहुत सहयोग किया गया और शिव गुप्ता भैया हिमांशु द्विवेदी सुरेंद्र केवट रमेश दुबे अरुण केवट बिंदी केवट अभय दुबे, अंशु त्रिपाठी, पंकज शुक्ला लकी विवेक शुभम मोंटू केवट राहुल साहू दादू केवट का योगदान सराहनीय था।



**खबर संक्षेप**

## पीएम जनमन, धरती आबा के तहत किया जाएगा शिविरों का आयोजन

**उमरिया।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं का सेचुरेशन कैंप आयोजित किया जाना हैं।

सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि विकासखंड स्तर पर 8 एवं 9 सितंबर को गावों में कैंप का आयोजन कर शेष बैकलॉग कार्ड शत प्रतिशत बनाना सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में विकास खंड स्तर से अवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन बीपीएम सायं 5 बजे तक रिपोर्ट संधारित कर जिला स्तर पर भेजना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने समस्त मुख्य, खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अपने विकासखंड अंतर्गत आने वाले समस्त गांवों में निवासरत बंचित जनजातीय हितग्राहियों की पहचान कर मैदानी कार्यकर्ता जैसे कि एएनएम, आशा पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ताओं से समन्वय कर उन्हें चिन्हित कर शिविर तक लाने, शिविर में लाभ दिलाने जाने व उनकी सूची कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## शिक्षक दिवस पर एमएलबी कन्या विद्यालय शहडोल में हुआ सम्मान समारोह



**शहडोल।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक संजय पांडे, सहायक संचालक जे.पी.गुप्ता एवं एपीसी अरविंद पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त श्रीमती सुनीता पाठक एवं संजय गुप्ता तथा जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त श्रीमती सुनीता पाठक एवं निखिल शर्मा को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा ने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी और शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को अतिरिक्त समय देकर प्रेमपूर्वक पढ़ाएं। सहायक संचालक संजय पांडे ने सभी को प्रतिदिन पुस्तकों का अध्ययन करने पर जोर दिया। वहीं सहायक संचालक जेपी गुप्ता ने शिक्षकों से विद्यार्थियों में अच्छे गुणों का विकास करने का आह्वान किया। एपीसी अरविंद पांडे ने शिक्षकों को जीवन को विद्यार्थियों के लिए समर्पित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती साधना जैन ने की, जिन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन प्रधान अध्यापक लालजी तिवारी ने किया। अतिथि के रूप में श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं श्रीमती सीमा सिन्हा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में श्रीमती अरुणिमा सिंह, माया सिंह, सरोज सिंह, नीतासोनी, प्रतिभा निगम, अंजना शर्मा, रीता श्रीवास्तव, नीरू सिंह, रश्मि द्विवेदी, सपना चतुर्वेदी, रेखा वर्मा, संजीता सिंह, मीना श्रीवास्तव, मीनाक्षी तिवारी, बबीता दुबे, राधा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नगर के विभिन्न तालाबों में होंगे गणेश विसर्जन

### हवन, कन्या पूजन भोग का हुआ आयोजन

**बुढार। देवताओं के प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की 10 दिनों तक पूजा अर्चना करने के बाद अनंत चतुर्दशी शनिवार को गणेश विसर्जन नगर एवं आसपास के तालाबों में विसर्जन किया जायेगा। धनपुरी नगर के व्यावसायिक धनीराम, शंकर लाल, राजेश, रोहित गुप्ता निवास में पिछले 55 वर्षों से गणेश जी की भव्य प्रतिमा का स्थापना कर पुरे उत्साह एवं धार्मिक वातावरण के मध्य पूजा अर्चना के साथ साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**



### कन्या पूजन हवन

शुक्रवार को नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं निवासों में विराजें गणपति बप्पा की पूजा अर्चना के बाद हवन कर कन्या पूजन, भोजन कराकर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के नारे लगाते हुएधर्म लाभ अर्जित किया है। नगर के सार्वजनिक 38 स्थानों पर विराजें गणेश प्रतिमाओं का आज धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर बाजे गाजे के साथ करेंगे विसर्जन।

# ऋषि कश्यप मुनि जयंती पर भव्य आयोजन, मंदिर परिसर में गूंजे जयकारे

**धनपुरी। श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को ऋषि कश्यप मुनि जी की जयंती पूरे धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाई गई। प्रातः 10:30 बजे मंत्रोच्चारण के बीच वैदिक रीति से पूजन-अर्चन, हवन और आरती संपन्न हुई। वातावरण धार्मिक रंग में सराबोर हो उठा।**



पूजन-अर्चन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर धनपुरी केसरवानी सभा के अध्यक्ष गणेश गुप्ता के नेतृत्व में तरुण सभा, महिला सभा एवं सभी समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और जगह-जगह भक्तों ने मिलकर ₹ऋषि कश्यप मुनि अमर रहें₹ के जयकारे लगाए। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा



कि ऋषि कश्यप मुनि जी ने समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश दिया था। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को मार्गदर्शन देती हैं।भव्य आयोजन में बच्चों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और भक्ति गीतों की गूंज से माहौल आध्यात्मिक बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। अंत में अध्यक्ष गणेश गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी एकता और भाईचारे को और मजबूत करने की बात कही।

# एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार व खैरहा भूमिगत खदानों को फाइव स्टार रेटिंग




### मुंबई में राष्ट्रीय सम्मान, बंगवार ने 95 और खैरहा ने 91 अंक हासिल किए

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया की दो प्रमुख भूमिगत खदानों — बंगवार यूजी और खैरहा यूजी — ने एक बार फिर क्षेत्र और कंपनी का नाम रोशन कर दिया है। कोयला मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रदर्शन के आधार पर जारी कोयला एवं लिग्नाइट खदानों की स्टार रेटिंग सूची में इन दोनों खदानों को उच्चतम फाइव स्टार रेटिंग से नवाजा गया है।

### लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन

बंगवार यूजी खदान को लगातार फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। इस वर्ष इस खदान ने 100 में से 95 अंक हासिल किए। वहीं खैरहा यूजी खदान ने 91 अंक प्राप्त करते हुए फाइव स्टार रेटिंग सूची में स्थान बनाया।

### समारोह में बढ़ा सोहागपुर क्षेत्र का मान

यह सम्मान 4 सितंबर की रात मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। एसईसीएल के सीएमडी और निदेशक (तकनीकी) ने मंच पर उपस्थित होकर पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में देशभर की अग्रणी कोल कंपनियों की उपस्थिति रही और एसईसीएल का नाम बार-बार गूंजता रहा।

### प्रबंधन और टीम का योगदान

अमलाई, बंगवार व दामिनी उपक्षेत्रीय प्रबंधक (जीएम) संजय सिंह, बंगवार खदान के खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे, खैरहा व राजेन्द्रा माइंस के



उपक्षेत्रीय प्रबंधक (जीएम) बी हरी बाबू, तथा खैरहा यूजी खदान के खान प्रबंधक मंसा राम मंडारी की देखरेख में उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और श्रमिक कल्याण पर विशेष योगदान है।

### रेटिंग का उद्देश्य और मूल्यांकन

कोयला मंत्रालय द्वारा यह रेटिंग खदानों में हरित, सुरक्षित और टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी जाती है। मूल्यांकन के मापदंडों में सुरक्षा मानक, पर्यावरण संरक्षण, परियोजना प्रभावित परिवारों का पुनर्वास और श्रमिकों के कल्याण संबंधी कार्य शामिल होते हैं। इन सभी पैमानों पर बंगवार और खैरहा खदानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### क्षेत्र में खुशी की लहर

एसईसीएल की इन दोनों खदानों को फाइव स्टार रेटिंग मिलने पर सोहागपुर क्षेत्र के प्रभारी महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, रवन्ना साहब, खान प्रबंधक राजेश खंमरिया,वी वाला कृष्णा,हर्ष व्याप्त की है। कर्मचारियों से लेकर स्थानीय लोगों तक सबको गर्व है कि उनकी खदानें अब राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ खदानों में गिनी जा रही हैं।

# श्री कश्यप जी महाराज की जयंन्ती पर सुन्दर काण्ड पाठ व शिक्षक का सम्मान किया गया

**ब्योहारी। गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज की जयन्ती के उपलक्ष्य में सुन्दर काण्ड पाठ व शिक्षक का सम्मान किया गया साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम बौद्धिक कार्यक्रम के साथ बड़े धूमधाम से जयंन्ती मनाई गई।**



ब्योहारी में केसरवानी समाज के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केसरवानी नगर सभा कि तीनों इकाई केसरवानी महिला सभा व केसरवानी समाज के तरूण सभा के द्वारा दीप प्रज्वलित व समाज का ध्वाजारोहण कर सुन्दरकाण्ड पाठ कर गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज कि जयंन्ती व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बड़े धूमधाम से मनाया गया व समाज के शिक्षक साथ ही केसरवानी स्कूल सभी शिक्षक व शिक्षिका का सम्मान किया। ब्योहारी केसरवानी समाज के धर्मशाला मैदान में गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज कि जयन्ती व द्वितीय राष्ट्रपति राधाकृष्णन जी कि जयन्ती में शिक्षक दिवस मनाई गई साथ ही केसरवानी समाज के शिक्षक व सुन्दी बाई केसरवानी स्कूल शिक्षक व शिक्षिका का शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान किया गया। गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज व भारत द्वितीय राष्ट्रपति राधाकृष्णन जी के छाया चित्र फूल माला चढ़ाएं तथा फिर सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया व मंच से शिक्षक व शिक्षिका का पेंन व मोती का माला, श्री फल साल से सम्मान किया गया उसके बाद समाज अतिथि के द्वारा गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज के संजीवन उनका वर्णन किया गया। साथ ही ये बाताया गया व हमारे गुप्ता समाज व केसरवानी समाज हम सब उन्हीं बन्सज है हमारे गोत्र आचार्य श्री कश्यप जी महाराज है हम सब समाज के युवा पीढ़ी को उनके बाताऐं मार्ग दर्शन पर चलना चाहिए और उनकी प्रेरणा से ही हम केसरवानी वैश्य समाज सभी लोगों को श्री कश्यप जी महाराज कि सीख लेनी चाहिए और अपने अपने घर में गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज कि तस्वीर रखें उसके आर्दशों का सम्मान करते हुए रोज फूल माला चढ़ाएं। इसी तरह शिक्षक दिवस के



उपलक्ष्य में सुन्दी बाई केसरवानी स्कूल की छात्राओं ने पढांई करने पर वाल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया छोटी बच्ची को पढ़ाई न करने देंने वाल विवाह कर देना उसका विरोध कर कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों के आंखों नमन कर देना ऐसा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जहां लोगों ने तालियां बजाकर पूरा केसरवानी समाज का धर्म शाला गूज उठा।

# मोबिलाइजर की समीक्षा बैठक जनपद सभागार पाली में संपन्न

**उमरिया।** मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 के अंतर्गत पेसा जिला समन्वयक जिला पंचायत उमरिया सुश्री दमयंती सिंह की अध्यक्षता में मोबिलाइजर का समीक्षा बैठक जनपद सभागार में संपन्न हुई। जिसमें जिला समन्वयक द्वारा पेसा एक्ट की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। बैठक में नवीन ग्राम सभा का गठन करने, ग्राम सभा के गठन हेतु प्रस्ताव की प्रक्रिया , ग्राम सभा अध्यक्ष कौन होगा ग्राम सभा सचिव कौन होगा। पेसा एक्ट में कितनी ग्राम सभा बनाई जाती है उस ग्राम सभा का क्या-क्या अधिकार होता है पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि प्रत्येक ग्राम सभा में ग्राम सभा निधि खाता होनी चाहिए । प्रत्येक फलिया टोला में जाकर नवीन ग्रामसभा का गठन करना है प्रत्येक ग्रामसभा का लेटर पैड होना चाहिए पदमुद्रा होना चाहिए। ग्राम सभा समिति को सक्रिय करना है साथ ही प्रत्येक माह में पेसा समिति का एक बार बैठक होना चाहिए गांव में किसी प्रकार की समस्या होती है उस पर पेसा ग्राम सभा के द्वारा निर्णय लेने का अधिकार है। प्रत्येक ग्राम सभा को मॉडल के रूप में बनाना है जनजाति समाज ग्राम सभा पेसा अधिनियम 2022 से भली भांति परिचित होना चाहिए। मॉडल पेसा ग्रामों में माननीय राज्यपाल महोदय एवं मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अधिकारियों का ग्राम सभाओं क्षेत्र में भ्रमण किया जाएगा। साथी दिसंबर महीने के पहले पेसा एक्ट के तहत तेंदूपत्ता संग्रह करने का प्रस्ताव ग्रामसभा से पारित करवाना है तथा सामूहिक दावा आपत्ती वन अधिकार पर काम करना है, एवं प्रस्ताव देना है। खंडपंचायत अधिकारी पतरुराम भगत के द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही है उनसभी योजनाओं को नीचे तक लेकर जाने का काम करना। जनजाति समाज के कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे इस पर काम करना है, पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में खंड पंचायत अधिकारी पतरूराम भगत , ब्लॉकसमन्वयक पेसा जयप्रकाश सिंह ब्लॉकसमन्वयक, आवास मोहम्मद इब्राहिम, ब्लॉक समन्वयक आरजीएस सफीक खान एवं सभी ग्रामपंचायत से आए पेसा मोबिलाइजर उपस्थित रहे।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गाइडों एवं वन कर्मचारियों-अधिकारियों का व्यापक प्रशिक्षण शिविर 4 सितम्बर से 17 सितम्बर 2025 तक ताला स्थित ईको सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सात बैचों में संचालित होगा, जिसमें कुल 197 गाइड शामिल होंगे। इनमें 26 महिला एवं 171 पुरुष गाइड हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य गाइडों को न केवल पर्यटकों के लिए मार्गदर्शक के रूप में सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें जैव विविधता संरक्षण, वन प्रबंधन तथा स्थानीय समुदायों और इको-टूरिज्म के बीच सेतु के रूप में तैयार करना भी है। गाइड, पर्यटकों और वन्यजीव संरक्षण के संदेश के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। इसलिए इस प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के लिए पुणे से आमंत्रित प्रतिष्ठित वन्यजीव विशेषज्ञ अनुज खरे (सदस्य, महाराष्ट्र वाइल्डलाइफ बोर्ड), राजीव पंडित एवं डॉ. उमेश उन्नीकृष्णन मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इनके द्वारा गाइडों को विभिन्न विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वन्यजीव एवं इको-टूरिज्म की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे पर्यटकों को वैज्ञानिक तथ्यों और संरक्षण के महत्व से अवगत करा सकें। फील्ड विजिट कराई जाएगी, जिससे गाइड प्रत्यक्ष रूप से वन्य प्राणियों के व्यवहार, उनके आवास एवं वन प्रबंधन की बारीकियों को समझ सकें।

व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद कौशल एवं समय प्रबंधन पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे गाइडों का व्यवहार, प्रस्तुति क्षमता और पर्यटकों के साथ संवाद और बेहतर हो सके।संरक्षण एवं जागरूकता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी, ताकि गाइड संरक्षण संदेश को आमजन तक पहुँचाने में सक्षम हो सकें। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने टाइगर रिजर्व की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि गाइडों का यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गाइड ही वह पहले व्यक्ति होते हैं, जिनसे पर्यटक सीधे संवाद करते हैं। प्रशिक्षित गाइड पर्यटकों को न केवल वन्यजीवों की सटीक जानकारी देंगे, बल्कि उन्हें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से भी जोयेंगे। इससे पर्यटन गतिविधियाँ और अधिक जिम्मेदार एवं टिकाऊ बनेंगी।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गाइडों की क्षमता निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो भविष्य में जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरणीय जागरूकता तथा सतत इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# शिक्षक को आंतरिक चरित्र उद्दात्त करना चाहिए: राम शंकर

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल द्वारा स्थानीय विधि महाविद्यालय में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जीवन की हर घटना हमें सीख देती है। यदि हममें विद्यार्थी भाव है तो हम अपने आसपास की समस्त घटनाओं से शिक्षा लेते हैं। सफल शिक्षक वही बन सकता है, जो पहले सफल विद्यार्थी बने। यदि आप वास्तव में गुरु हैं, तो आपका जीवन शुद्ध होता जाएगा। शिक्षक को आंतरिक सुचिता लानी होगी, तभी उसकी वाणी में सरस्वती का वास होगा।

गुरु की महिमा स्वयं स्थापितः डीआईजी विशिष्ट अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक सविता सोहाने ने कहा कि भारत एक आध्यात्मिक देश है, जिसमें गुरु की महिमा स्वयं स्थापित है। उन्होंने महान दार्शनिक प्लूटो और राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का उदाहरण देते हुए कहा कि 1962 में जब राधाकृष्णन जी से जन्मदिन मनाने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने कहा यह दिन सभी शिक्षकों का होना चाहिए। हमें हर घटना और वस्तु से सतत सीखते रहना चाहिए।

परिषद समाज में ला रही परिवर्तनः कोठारी कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद सेंट्रल रीजन के अध्यक्ष सुनील कोठारी ने की। उन्होंने कहा परिषद जिन शिक्षकों का सम्मान कर रही है, वह समाज की कृतज्ञ भावांजलि है। परिषद सज्जन और सक्षम लोगों का संगठन है, जो समाज के उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए कार्यरत है। लोक परिष्कार से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रोफेसर अभय पांडे, बालमुकुंद तिवारी, नरेश कुमार सिंघल, सरिता नामदेव, स्वामी दीन सिंह धुर्वे और जयप्रकाश मिश्रा का सम्मान किया गया। वहीं नगर के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी (सीबीएसई और एमपी बोर्ड) में उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों के साथ-साथ नीट और जेईई परीक्षा में सफल छात्रों का भी अभिनंदन किया गया।

### स्वागत एवं संचालन

अतिथियों का स्वागत परिषद अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने किया। आभार ज्ञापन संयोजक रवि नेमा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नीति सिंघल ने किया तथा पुरस्कार एवं सम्मान की उद्घोषणा श्रीलेखा जौहरी ने की।

### मंचासीन एवं उपस्थित सदस्य

मंच पर परिषद के सचिव विजय दुबे एवं कोषाध्यक्ष अजय शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष गुप्ता, अशोक मोर, विजय जैन, ओपी चौधरी, रविकांत द्विवेदी, अशोक सराफ, श्रीजा गुप्ता, रिंकी दुबे, ममता नेमा, रविंद्र गुप्ता, गौरव मिश्रा, अखिलेश शर्मा, राकेश खरे, प्रमोद सोनी, सुशील सिंघल, नंदकिशोर केडिया, विजय गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## गिरता जल स्तर, घटती हरियाली, बढ़ता तापमान के दोषी हम

# पवित्र नगरी अमरकंटक में मंडरा रहा पर्यावरणीय संकट

### अनियोजित कांक्रीट निर्माण और जनसंख्या का भारी दबाव मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/अमरकंटक

**मां नर्मदा, सोन और जोहिला नदियों के पावन उद्गम स्थल अमरकंटक में अनियोजित विकास कार्य और कांक्रीट निर्माण ने पर्यावरणीय संकट को गहरा कर दिया है। कभी जंगलों की हरियाली और शीतल जलधाराओं से आबाद यह तीर्थनगरी आज कंक्रीट के जंगल और अव्यवस्थित बसाहट की मार झेल रही है। नतीजतन बढ़ता तापमान, गिरता जलस्तर और घटती हरियाली स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर रहे हैं।**





### संरक्षण की सोच, प्रशासन की अनदेखी

वर्ष 1988 में तत्कालीन अध्यक्ष भोलानाथ राव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की अध्यक्षता की बैठक में तत्कालीन अधिकारियों ने अमरकंटक में सीमेंट निर्माण और अंधाधुंध बसाहट पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। उस समय मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव के.सी.एस. आचार्य ने साफ निर्देश दिए थे कि यहां न तो ठोस सीमेंट निर्माण हो और न ही बोरिंग की अनुमति दी जाए, परंतु समय के साथ प्रशासनिक उदासीनता और निजी स्वार्थों के कारण धीरे-धीरे नियम दरकिनार होते गए। फलस्वरूप अमरकंटक का तापमान बढ़ने लगा और जलस्तर लगातार नीचे खिसकता गया। विकास आवश्यक है, लेकिन ऐसा विकास जो प्रकृति के साथ कदम मिलाकर चले, न कि उसे कुचलकर।

### बदलता भूगोल, डगमगाता संतुलन

1970-80 के दशक में नर्मदा तट दलदली भूमि से घिरा रहता था, परंतु सीमेंट कंक्रीट मार्ग और वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने भूमि की नमी और जलधारण क्षमता छीन ली। अमरकंटक भूकंपीय जोन में आता है, ऐसे में अनियोजित निर्माण कार्य भविष्य में भूकंप जैसे खतरों को और बढ़ा सकते हैं। नर्मदा, कपिला, वैतरणी और आरंडी जैसी सहायक नदियाँ जल स्त्रोतों को बढाएं रखने में सहायक है

### नेतृत्व की दूरदर्शिता और आज की हकीकत

तत्कालीन केंद्रीय मंत्री व सांसद दलवीर सिंह ने अमरकंटक की भूमि पर कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने बॉक्साइट खदानों का विरोध किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तक चिंता पहुंचाई। इसी राह पर सांसद राजेश नंदिनी सिंह ने भी अमरकंटक की प्राकृतिक धरोहर की रक्षा के लिए संघर्ष किया, लेकिन आज की स्थिति यह है कि छत्तीसगढ़ शासन ने हाल ही में अमरकंटक में 5 एकड़ भूमि सामुदायिक भवन और धर्मशाला निर्माण हेतु मांगी है। जिस स्थल पर नजर है, वहां सैकड़ों साल पुराने वृक्ष खड़े हैं। यदि उन्हें काटा गया तो अमरकंटक के पर्यावरण पर गहरा असर पड़ेगा। अमरकंटक केवल भूमि नहीं, यह नदियों का उद्गम और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है।

### जल-जंगल-जमीन पर संकट

आज स्थिति यह है कि जंगल सिमटते जा रहे हैं, जलस्तर गिर रहा है और भूमि का संतुलन डगमगा रहा है। अगर समय रहते अनियोजित निर्माण और वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले वर्षों में अमरकंटक एक बड़े पर्यावरणीय संकट का सामना करेगा। निष्कर्ष यही है कि अमरकंटक में विकास और कांक्रीट का जंगल साथ-साथ संभव नहीं। यदि विकास चाहिए तो वह प्रकृति के साथ समरस होना चाहिए, अन्यथा यह पवित्र नगरी आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल एक चेतावनी की कहानी बनकर रह जाएगी।

### जैवमंडल पर गहरा असर

अमरकंटक का वनक्षेत्र "अचानकमार-अमरकंटक संरक्षित जैवमंडल" का हिस्सा है, जो औषधीय पौधों और जैव विविधता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यही जंगल नर्मदा सहित अनेक नदियों का उद्गम स्थल हैं, जो करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़ी हैं। किंतु जंगलों की अंधाधुंध कटाई से यहाँ का पारिस्थितिक संतुलन डगमगाने लगा है। इस मामले मे स्थानीय पर्यावरणविद का कहना है कि जंगल केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन का श्वास हैं। यदि यही नष्ट हो गए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# बदले और समझौते की नीयत से रचा ड्रामा का हुआ खुलासा

### निकली झूठी सोशल मीडिया पर वायरल अपहरण व दुष्कर्म की खबर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सोशल मीडिया पर अमरकंटक रोड सांधा तिराहे के पास दो युवकों द्वारा युवती के अपहरण कर जंगल ले जाने और उसके साथ गलत कार्य किये जाने का वीडियो वायरल हुआ। इसी बीच 31 अगस्त की रात 8.15 बजे एक युवती ने डायल 100/112 पर सूचना दी कि उसकी नाबालिग बहन को दो अज्ञात युवक जंगल की ओर ले गए हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक प्रकाश तिवारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने 26 वर्षीय युवती और उसकी 16 साथी को सुरक्षित बरामद कर महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा के पास अग्रिम कार्यवाही हेतु थाने लाया गया। दोनों ने शुरूआत में केवट प्रसाद बनावल और दुर्गेश बनावल पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि 100 डॉयल में कॉल करने वाली युवती का भाई प्रेसपाल बनावल पहले से ही नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल में है और पीड़ति वही दोनों युवकों की बहन है। आरोप है कि राजीनामा के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से यह साजिश रची गई थी। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन खंगाली तो पाया कि घटना के समय दोनों युवक घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं थे। पूछताछ में दोनो युवतियों ने स्वयं स्वीकार किया कि रास्ते में उनके साथ किसी भी प्रकार की घटना, छेड़छाड़ या आपराधिक कृत्य नहीं हुआ। दोनों ने व उनके पिता राजेश बनावल ने भी रिपोर्ट दर्ज कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पूरी कर रिपोर्ट एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य को सौंप दी है। अब आगे की वैधानिक कार्यवाही उनके निर्देशन में होगी।



# ग्रामीण इलाकों के बाद अब नगर में भी गजराज की धमक

### जैतहरी नगर में लोगों का शोर सुन हाथी का बदला मिजाज, आक्रामक हुआ तेवर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में जंगली हाथियों का आना जाना लगा है जो छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लगे जंगलों में रह कर रात मे ग्रमीणों की फसलों और घर में रखे अनाज को खा रहे हैं। इस दौरान कोई इनकी चपेट में आ गया तो बच नहीं पाता। जिले में 14 दिनों से एक हाथी ग्रामीण क्षेत्रों में रह कर नुकसान करने के बाद शहरी क्षेत्रों में हाथियों की घुसपैठ होने से आमजन भयभीत हैं। बुधवार रात एक जंगली हाथी जैतहारी नगर में घुस गया।



जैसे ही लोगों ने हाथी को देखा चीख-पुकार के साथ भगदड़ मच गई। लोगों के चिल्लाने और चीखने की आवाज सुन हाथी आक्रामक हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले और पटाखे फोड़ कर हाथी को शहर से बाहर किया। वन विभाग के अनुसार यह दो दांत वाला हाथी काफी आक्रामक स्थिति में है। मंगलवार की रात्रि राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र से होते हुए बुधवार की रात्रि 11 बजे जैतहरी नगर में घुसपैठ की इस दौरान लोगों ने हाथी को देखा चीख-पुकार के साथ भगदड़ मच गई। लोगों के चिल्लाने और चीखने की आवाज सुन हाथी अक्रामक हो गया। फिलहाल यह हाथी राजेंद्रग्राम-जैतहरी रोड के आस-पास डेरा जमाए हुए है। यह पिछले 14 दिन से आस-पास के गांवों में घूम रहा है। हाथी के शहर में आने से लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोग हाथी को देखकर भागने लगे। कुछ लोग हाथी का वीडियो बनाने के लिए उसके करीब जाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस को लोगों को हाथी से दूर रखने में काफी मेहनत करनी पड़ी। वन विभाग ने कुकुरगोड़ा, चोलना, चोई, पड़रिया, धनगवां, तखौली, लहरपुर, पचौहा और कुसुम्हाई के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हाथी अब पचौहा के पाठ बाबा क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।

### दो लोगों पर कर चुका है हमला

जिले में के आसपास के शहरी और ग्रामीण इलाकों के आसपास करीब डेढ़ महीने से चार हाथी डेरा जमाए हुए थे। कुछ दिन पहले ये चारों वापस छत्तीसगढ़ चले गए थे। जिसमें से दो हाथी छत्तीसगढ़ के कटघोरा वन परिक्षेत्र में हैं। उसी झुंड से अलग हुआ एक हाथी फिर से वापस आ गया है। इसे 22 अगस्त को अनूपपुर जिले की सीमा में देखा गया था। 14 दिनों से अनूपपुर जिले में विचरण कर रहा यह हाथी आक्रामक रवैया अपना रहा है। सीमा में प्रवेश करते ही यह एक महिला, एक पुरुष पर हमला कर चुका है वही हाथी ने बुधवार को मुख्य मार्ग पर चलते हुए ग्रामीणों की भीड़ को दौडाते दो मोटरसाइकिल को धक्का देकर छतिग्रस्त किया। भागते हुए गिरने से एक ग्रामीण एवं एक वनरक्षक को चोटे आई है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पड़ी भारी, नपे डॉक्टर मनोज सिंह

**लापरवाही पर कमिश्नर की बड़ी कार्रवाई, डॉक्टर मनोज सिंह निलंबित**

**कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने की कार्यवाही, मामला बच्चे के उपचार में लापरवाही का**

**मृतक के परिजनों को कलेक्टर ने दी 50 हजार की आर्थिक सहायता**

खबर का असर


जांच में प्रमाणित हुई डॉक्टर की लापरवाही, कलेक्टर ने कमिश्नर को भेजा प्रतिवेदन
'कलयुग के भगवान' की लापरवाही ने ले ली मासूम की 'जान'

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर हर्षल पंचोली के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।



जानकारी के अनुसार 31 अगस्त की रात लोहसरा (उप तहसील बिजुरी) निवासी 7 वर्षीय सुफियान कुरैशी को सर्पदंश की पर परिजन देर रात करीब 1.50 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी लेकर पहुँचे। ड्यूटी पर मौजूद वार्ड बाय ने तत्काल डॉक्टर को फोन पर सूचना दी, लेकिन डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुँचे। उन्होंने केवल बच्चे को निगरानी में रखने और सामान्य इंजेक्शन लगाने के निर्देश दिए। सुबह करीब 8.30 बजे डॉक्टर ने अस्पताल पहुँचकर एंटी-वेनम इंजेक्शन दिया, लेकिन उपचार में हुई देरी से बच्चे की स्थिति बिगड़ गई और उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोतमा द्वारा की गई जाँच में यह स्पष्ट पाया गया कि समय पर उपचार न मिलने से बच्चे की मौत हुई। कलेक्टर ने संपूर्ण प्रतिवेदन कमिश्नर को भेजा, जिसके आधार पर डॉक्टर मनोज सिंह को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

मानवीय संवेदना के तौर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मृतक बालक के परिजनों को रेडक्रॉस समिति के माध्यम से 50 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। साथ ही शासन से प्राप्त होने वाली आर्थिक मदद के लिए भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

### कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




5 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली के मुख्य आतिथ्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह धुर्वे एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक के आतिथ्य में जिला पंचायत अनूपपुर के सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 72 सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं जिला स्तर पर चयनित 2 शिक्षक जो राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी हेतु चयनित हुए थे का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला से पूजन अर्चन किया गया। अनिल कुमार सिंह जी के द्वारा सरस्वती वंदना की स्तुति के साथ शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत का सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षकों का तिलक, माल्यार्पण एवं शाल श्रीफल के माध्यम से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर के द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त पधारे हुए शिक्षकों को 05 सितंबर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा अपने वक्तव्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा गया कि मैं आशा करता हूं कि आगे आने वाले समय में हमारे शिक्षा जगत में और अच्छा परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रतिस्पर्धा में आगे लाने का प्रयास किया जाएगा।

### यह हुये सम्मिलित

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी का शाल, श्रीफल, चंदन एवं माला से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंजली सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी आए हुए अतिथि स्वल्पाहार गृहण किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रांतीय संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह, संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेन्द्र पटेल, संभागीय कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, पूर्व संभागीय उपाध्यक्ष राकेश कुमार बाधवा, जिलाध्यक्ष संजय कुमार निगम, जिला सचिव शीलवंत तिवारी, नगर अध्यक्ष श्रीमती अमिता मरकाम, नगर इकाई सचिव हेतराम साहू, धर्मेंद्र शाक्यवार, वरिष्ठ प्रधानाध्यापक आर बी प्रजापति, सत्यनारायण मौर्य जिला उपाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष जैतहरी संतोष यादव तहसील अध्यक्ष जैतहरी केशकली राठौर, जीना चंद्र संत, देवेंद्र पटेल, रामसिंह पुरी, स्थानीय प्राचार्य अजय कुमार जैन एवं डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह के साथ-साथ भारी संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित हुए।

# अवैध संबंधों के चलते तीसरी पत्नी ने पति की जीवन लीला की समाप्त

### प्रेमी और मजदूर से मिलकर कराई हत्या

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडी ओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा ग्राम सकरिया में भैयालाल रजक (60 वर्ष) की अपने घर के पीछे खेत के कुंए में बोरा और कम्बल से लिपटी एवं साड़ियो से बंधी मिली लाश के मामले में अंधे हत्या काण्ड का सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी एवं दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 31.08.2025 को गुड्डी रजक पति भैयालाल रजक उम्र करीब 42 साल निवासी जैतहरी अनूपपुर के द्वारा थाना कोतवाली पहुंचकर सूचना दी गई कि ग्राम सकरिया में पति भैयालाल रजक का शव घर के पीछे खेत में बने कुंए के पानी में उतराते हुए देखा गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग क्रमांक 71/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस. पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, टी. आई. कोतवाली अरविन्द जैन, एफ.एस.एल. वैज्ञानिक अधिकारी डाक्टर प्रदीप अहिरवार (शहडोल), फिन्गर प्रिन्ट विशेषज्ञ उपनिरीक्षक गिरजा शंकर गौतम (शहडोल) के प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, पुलिस डाग वीरा ट्रेकर के साथ घटनास्थल पहुंचकर कुंए से मृतक भैयालाल रजक का शव बरामद किया गया। उक्त शव जूट के बोरे एवं कम्बल में लिपटा हुआ एवं जूट की रस्सी एवं दो साड़ियो से बंधा हुआ कुंए से बरामद हुआ जो मृतक भैयालाल रजक के सिर पर पीछे की ओर गहरी चोट से गहरा घाव होना पाया गया था। जो जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पी.एम. कराये जाने पर पी.एम. रिपोर्ट में भैयालाल रजक की मृत्यु सिर पर आई गंभीर चोट से होना पाये जाने पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 439/25 घारा 103(1),238 बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेन्ज शहडोल सुश्री सविता सोहाने एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्षियों से पूछताछ कर जांच टीम को निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा गहन छानबीन एवं साक्ष्य संकलन पर मृतक भैयालाल रजक की तीसरी पत्नी मुन्नी उर्फ विमला रजक उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया, उसके प्रेमी लल्लू उर्फ नारायण दास कुशवाहा पिता राममनोहर कुशवाहा उम्र करीब 48 वर्ष निवासी वार्ड न. 13 पुरानी बस्ती अनूपपुर एवं घर पर काम करने वाले मजदूर धीरज कोल पिता समयलाल कोल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया अनूपपुर को धारा 103(1), 238, 61(2) बी.एन.एस. में गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा अंधी हत्या काण्ड का खुलासा करते हुए विवेचना में पाया गया कि मृतक भैयालाल रजक की तीन शादियां हुई है पहली पत्नी ग्राम मझगवां जिला शहडोल की शादी के कुछ दिनो बाद ही छोड़कर चली गई वर्तमान में भैयालाल रजक की दो पत्नियां है, पहली पत्नी गुड्डी बाई को कोई संतान ना होने से भैयालाल रजक ने गुड्डी बाई की छोटी बहन मुन्नी बाई रजक से भी शादी कर ली थी जिससे भैयालाल रजक को दो संतान है। मृतक भैयालाल रजक की ग्राम सकरिया एवं परसवार में कीमती पैतृक जमीन है, जिसको विक्रय कराने के लिए दलाल लल्लू उर्फ नारायण दास कुशवाहा का पिछले चार-पांच वर्ष से भैयालाल रजक के घर पर आना जाना होता था, इसी बीच मुन्नी बाई रजक का लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा से प्रेम संबंध हो गया जिसके चलते 30 अगस्त को मुन्नी बाई ने लल्लू उर्फ नारायणदास और घर पर काम करने वाले लेवर धीरज कोल के साथ मिलकर योजना बनाई कि वह जैतहरी अपनी बड़ी बहन गुड्डी रजक के पास चली जायेगी जो रात में घर पर अकेले भैयालाल रजक रहेगा जिसकी हत्या करनी है, जिसके बाद वह लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा से शादी कर लेगी। आपराधिक षडयन्त्र के अनुसार रात्रि करीब 2-02.30 बजे लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा और धीरज कोल मृतक भैयालाल रजक के निर्माणाधीन मकान में घुसे और परछी में बिछी खटिया पर सो रहे भैयालाल रजक को निर्माणाधीन सामान में पड़े लोहे की राड से सिर में मारकर हत्या कर दी और साक्ष्य नष्ट करने के लिए घर पर पड़े जूट के बोरे और कम्बल में भैयालाल रजक की लाश को लपेटकर दो साड़ियो एवं जूट की रस्सी से बांधकर घर के पीछे खेत में बने कुँए में फेंक दिया। आरोपियों द्वारा हत्या के उपरांत कुंए में फेंके गये भैयालाल रजक के मोबाईल को पुलिस द्वारा कुंए को खाली कराकर जप्त किया गया है एवं आरोपियों का पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर अन्य साक्ष्य संकलित किया जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेन्ज शहडोल सुश्री सविता सोहाने एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा उक्त सनसनीखेज जघन्य अंधे हत्या काण्ड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, उपनिरीक्षक गिरजाशंकर गौतम (फिन्गर प्रिन्ट विशेषज्ञ शहडोल), होमगार्ड प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिहं, महिला सहायक उपनिरीक्षक हुरूननिशा, प्रधान आरक्षक शिवशंकर प्रजापति, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार (सायबर सेल) आरक्षक प्रकाश तिवारी, आरक्षक अब्दुल कलीम, महिला आरक्षक कुन्ती शर्मा, पुलिस डाग वीरा ट्रेकर के हैण्डलर आरक्षक नारायण गोटिया की टीम को पुरूष्कृत किये जाने की घोषणा की है।

